तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, शुक्रवार 19 जून 2026




11 जिला स्तरीय पोषण पखवाड़ा सह महिला जागृति ...


12 प्राकृतिक खेती अपनाकर किसान बनें आत्मनिर्भर...









## खबर संक्षेप

### कर्मचारी ने बिजली टॉवर में फांसी लगाकर की आत्महत्या

**बालोद।** बिजली कर्मचारी ने बिजली टॉवर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जानकारी के अनुसार भिलाई तीन निवासी देवेन्द्र साहू अपने पिता के स्थान पर अनुकंपा नियुक्ति पर बिजली विभाग में बिजली विभाग में पदस्थ था तथा गुरूर विकासखण्ड के ग्राम दानीटोला में अपनी पत्नी व बच्चो के साथ निवासरत था। जहां गुरूवार सुबह ग्राम बोहारडीह सब स्टेशन के पास लगे एक बिजली टॉवर में 16 फीट उक्त उपर बिजली कर्मचारी फांसी के फंदे पर झूलता मिला। जिसके ग्राम ग्रामीणो ने इसकी जानकारी पुलिस को दी जहां पुलिस व बिजली विभाग के कर्मचारियो द्वारा उक्त व्यक्ति की पहचान की गई। जिसके बाद पुलिस के पहुंचने पर शव का पंचनामा करने के बाद शव का पीएम होने के बाद शव को मृतक के गृहग्राम भिलाई तीन के लिए रवाना कर दिया गया। वही व्यक्ति द्वारा ऐसा कदम क्यो उठाया गया यह पुलिस जांच के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा।

### चेक बाउंस मामले में प्रधान पाठक को छह माह की सजा

**बालोद।** जिला न्यायालय बालोद ने तीन लाख रुपये के चेक अनादरण चेक बाउंस के एक महत्वपूर्ण मामले में आरोपी प्रधान पाठक षडप्रकाश किरण कटेन्द्र को दोषी करार देते हुए छह माह के साधारण कारावास की सजा सुनाई है। न्यायालय ने परक्राम्य लिखत अधिनियम, 1881 की धारा 138 के तहत अपराध सिद्ध पाए जाने पर यह फैसला सुनाया। न्यायालय ने अपने निर्णय में स्पष्ट किया कि चेक बाउंस केवल आर्थिक लेन–देन का विवाद नहीं, बल्कि एक ऐसा आपराधिक कृत्य है जो बैंकिंग व्यवस्था और वित्तीय लेन–देन की विश्वसनीयता को प्रभावित करता है। प्रकरण के अनुसार आरोपी वार्ड क्रमांक 20 ग्राम नागाडबरी जिला बालोद निवासी षडप्रकाश किरण कटेन्द्र ने घरेलू आवश्यकताओं का हवाला देते हुए परिवादी रोशनी सिंह से तीन लाख रुपये उधार लिए थे। दोनों के बीच पूर्व से अच्छे संबंध होने के कारण परिवादी ने आरोपी को दो अलग–अलग चेकों के माध्यम से डेढ़–डेढ लाख रुपये प्रदान किए थे। राशि प्राप्त करने के बाद आरोपी ने 30 जनवरी 2026 को साक्षियों एवं नोटरी के समक्ष एक इकरारनामा निष्पादित किया, जिसमें छह माह के भीतर सपूर्ण राशि लौटाने शेष पेज 11 पर

## विरोध : खाद-बीज की समस्या को लेकर सरकार पर साधा निशाना

# बिजली दर वृद्धि के खिलाफ कांग्रेस का प्रदर्शन जनता पर आर्थिक बोझ बढ़ाने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

राजीव भवन बालोद में जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा बिजली दरों में वृद्धि एवं बढ़ते बिजली बिलों के विरोध में प्रेसवार्ता आयोजित की गई। प्रेसवार्ता में कांग्रेस नेताओं ने राज्य एवं केंद्र सरकार की नीतियों को आम जनता, किसानों और उपभोक्ताओं पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ डालने वाला बताते हुए कई मुद्दों पर सवाल उठाए।

जिला कांग्रेस कमेटी बालोद अध्यक्ष चंद्रेश हिरवानी ने कहा कि बिजली दरों में लगातार वृद्धि जनता पर अत्याचार है, कांग्रेस इसका विरोध करती है। उन्होंने आरोप लगाया कि खरीफ सीजन शुरू होने के बावजूद किसान अभी भी खाद और बीज के लिए परेशान हैं तथा सोसायटियों के चक्कर लगाने को मजबूर हैं। उन्होंने कहा कि प्रशासनिक प्रतिबंधों और सीमित आपूर्ति का असर केवल किसानों पर दिखाई दे रहा है, जबकि बड़े औद्योगिक क्षेत्रें और खनन गतिविधियों को पर्याप्त संसाधन उपलब्ध कराए जा रहे हैं। उन्होंने पेट्रोल–डीजल की कीमतों को लेकर भी केंद्र सरकार पर सवाल उठाते हुए आम जनता को राहत देने की मांग की। मुख्य वक्ता दुर्ग शहर के पूर्व विधायक अरुण वोरा ने कहा कि भाजपा सरकार ने घरेलू एवं गैर घरेलू उपभोक्ताओं के साथ–साथ कृषि पंपों की बिजली दरों में भी बढ़ोतरी की है। उन्होंने कहा कि पहले से महंगे बिजली बिलों से परेशान जनता को राहत देने के बजाय अतिरिक्त बोझ डाला जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के समय बिजली बिल हाफ योजना लागू थी, जिससे उपभोक्ताओं को राहत मिलती थी। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि उपभोक्ताओं की सहमति के बिना अनुबंध भार क्षमता बढ़ाने की शिकायतें भी सामने आ रही हैं।

### बिजली दरों में बढ़ोतरी को बताया जनविरोधी



### बिजली दरों में लगातार वृद्धि से जनता पर बढ़ रहा आर्थिक बोझ : कुंवर सिंह



**गुण्डरदेही।** कांग्रेस भवन कोंडागांव में गुण्डरदेही विधायक कुंवर सिंह निषाद ने बिजली बिल की दरों में लगातार हो रही बढ़ोतरी को लेकर प्रेस वार्ता को संबोधित किया। प्रेस वार्ता में बिजली दरों में बढ़ोतरी के कारण आम जनता पर पड़ रहे अतिरिक्त आर्थिक बोझ और उससे उत्पन्न समस्याओं को प्रमुखता से उठाया। बढ़ती महंगाई के बीच बिजली बिलों में वृद्धि से किसान, मजदूर, मध्यम वर्ग और छोटे व्यवसायी सभी प्रभावित हो रहे हैं। जनहित से जुड़े इस महत्वपूर्ण मुद्दे पर आम जनता की आवाज को मजबूती से उठाते हुए सरकार से बिजली दरों में राहत देने की मांग किए और कहा की कांग्रेस की सरकार ने पांच साल तक बिजली के दाम नहीं बढ़ने दिए लेकिन जनता को लूटने वाली ये भाजपा सरकार हर तीन महीने में बिजली के दाम बढ़ाकर जनता को लूट रही है। प्रेस वार्ता के दौरान बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

### पुनर्विचार करने की मांग

प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए संजारी बालोद विधायक एवं प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष संगीता सिन्हा ने कहा कि जनता बिजली कटौती और बढ़े हुए बिजली बिल दोनों से परेशान है। उन्होंने आरोप लगाया कि स्मार्ट मीटर लगाए जाने के बाद अधिक बिल आने की उपभोक्ताओं की शिकायतें बढ़ी हैं। उन्होंने बढ़े हुए बिजली बिल के तीन प्रमुख कारण बताते हुए कहा कि बिजली दरों में वृद्धि, बिजली बिल हाफ योजना का बंद होना, स्मार्ट मीटर से अधिक खपत दर्ज होने की शिकायतें है। उन्होंने राज्य सरकार से जनहित में इस विषय पर पुनर्विचार करने की मांग की। प्रेसवार्ता के दौरान पुरुषोत्तम पटेल, रामजीभाई पटेल, पीयूष सोनी, ब्लॉक अध्यक्ष नरेंद्र सिन्हा, अंचल प्रकाश साहू, कमलेश श्रीवास्तव, कसीमुद्दीन कुरैशी, सुमित शर्मा, भूपेंद्र चंद्राकर, अकबर कुंजाम सहित कांग्रेस के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# अंतर्राज्यीय डीजल चोरी गिरोह का भंडाफोड़ 11 आरोपी गिरफ्तार, 6 वाहन जब्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

■ डीजल चोर गैंग का पर्दाफाश, लाखों का माल बरामद

पुलिस को डीजल चोरी करने वाले अंतर्राज्यीय गिरोह को पकड़ने में बड़ी सफलता मिली है। जिसमें 09 आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया, पूर्व में दो आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था।

आरोपीगणों के कब्जे से मध्यप्रदेश पॉसिग के दो स्कार्पियों वाहन एक टेंकर वाहन सहित, 03 नग मोबाइल, 37 नग गेलन व नगदी रकम 40,000 रूपये को जप्त किया गया। मामले में अभी तक कुल 11 आरोपी की गिरफ्तारी एवं 6 वाहन जप्त किया जा चुका है।

निरीक्षक शिशुपाल सिन्हा व सायबर सेल प्रभारी धरम भुआर्य के नेतृत्व में गठित विशेष टीम द्वारा 13 जून को मामले में नाकेबंदी के दौरान दो आरोपी शिवपाल एवं देवेन्द्र विश्वकर्मा के कब्जे से स्वीप्ट डिजायर कार, सुमो गोल्ड, स्कार्पियों एक मोबाइल फोन व चोरी के डीजल 490 लीटर कुल कीमती 5,51,000 रुपये को जप्त किया गया था मामले के फरार आरोपियों की पता साजी की जा रही थी, उसी क्रम में सायबर सेल व थाना बालोद के संयुक्त बल के द्वारा फरार आरोपियों के संबंध में सुराग मिलने पर उरला रायपुर में एक किराये के मकान में दबिश देकर सोनू वाल्मिकी, गणेश साव अरूण फुलेरिया, तुषार माली, राहुल चंदेल, राकेश चंदेल, होकम सिंह मालवी, धरमराज फुलेरिया को अभिरक्षा में लेकर पुछताछ किया गया। उपरोक्त आरोपियों द्वारा 03 जून से 07 जून एवं 10, 11 जून को लाटाबोड़, नेवारीखुर्द, जगतरा, अर्जुन्दा, कुम्हारी क्षेत्र में ट्रक–बसों के डिजल टंकी चोरी करना एवं गणेश साव के पास वाहनों में भरकर लेजाकर बिक्री करना बताए। प्रकरण मे प्रार्थी गवाहों के कथनो, निरीक्षण घटना स्थल, मेमोरण्डम कथन एवं जप्ती से आरोपीयान ग्राम छापीहेडा प्राथमिक स्कुल के पास थाना सिटी कोतवाली शाजापुर जिला शाजापुर म.प्र. निवासी सोनू वाल्मिकी पिता पीरुलाल वाल्मिकी 35 वर्ष, केम्प–01 शासी नगर थाना छावनी भिलाई जिला दुर्ग निवासी गणेश साव पिता शंकर साव उम्र 48 वर्ष, ग्राम दुपाड़ा थाना लालघाटी जिला शाजापुर निवासी अरूण फुलेरिया पिता गोपाल फुलेरिया 22 वर्ष, ग्राम नरवल थाना नरवल जिला उज्जैन म.प्र. तुषार माली पिता मिश्रीलाल 29 वर्ष, ग्राम दुपाड़ा थाना लालघाटी जिला शाजापुर म.प्र. निवासी राहुल चंदेल पिता जुगल किशोर चंदेल 28 वर्ष, ग्राम दुपाड़ा थाना लालघाटी जिला शाजापुर म.प्र. निवासी राकेश चंदेल पिता जुगल किशोर चंदेल 22 वर्ष, ग्राम शेष पेज 11 पर

# व्यवस्था को लेकर विवाद, पलारी में भाजपा पार्षदों का शपथ ग्रहण टला, अब आज होगा आयोजन





हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरूर

■ भाजपा पार्षदों ने अल्प सूचना देने का लगाया आरोप

नगर पंचायत पलारी में ही कांग्रेस की सत्ता बैठी है, प्रदेश में अब भी भाजपा की सत्ता है, लेकिन पलारी में पहले दिन से ही भाजपा पार्षदों की उपेक्षा का महौल देखने को मिला। प्रशासन ने भाजपा पार्षदों का शपथ ग्रहण एक हाल में कराने की व्यवस्था की, हाल में भी ग्रामीणो के बैठने की व्यवस्था नही की गई, जिससे ग्रामीण व भाजपा पार्षद नाराज हो गए, जिससे गुरूवार को शपथग्रहण नही हो सका। अब शुक्रवार को शपथग्रहण होगा।

आरोप है कि प्रशासन बुधवार को हुए समारोह के बाद शेष बचे भाजपा के पार्षदों को शपथग्रहण की मात्र औपचारिकता पूरा करना चाह रही थी। जबकि शपथ ग्रहण के समय पार्षदों के साथ ग्रामीणो के भी शपथग्रहण में सम्मिलित होने की सूचना पार्षदों प्रशासन को पहले ही दे दी थी। शपथ ग्रहण में पार्षदों के साथ सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण भी नगर पंचायत पहुंच गए। भाजपा पार्षदों एवं ग्रामीणो के आक्रोश के बाद प्रशासन ने आनन फानन मे कुर्सी मंगवाई एवं टेंट लगावाया, लेकिन पार्षदगण प्रशासन द्वारा की गई उपेक्षा से खासे नाराज हो गए।

प्रशासन की कार्यशैली से स्पष्ट प्रतीत हो रहा था कि प्रशासन भाजपा के 5 पार्षदों के शपथग्रहण का कार्यक्रम सादगी से सभा कक्ष में कराकर शपथग्रहण की औपचारिकता पूरा करने का काम कर रही थी। शपथग्रहण समारोह के लिए भाजपा के पार्षदों को सूचना भी एक दिन पूर्व रात्रि 7 बजे के बाद दी गई। अल्प सूचना के बाद भी पांचो पार्षद शपथग्रहण के लिए निर्धारित समय पर पहुंच गए थे। उनके साथ बड़ी संख्या में नगरवासी भी पहुंचे थे। आरोप है कि नगर पंचायत में कोई तैयारी नही की गई थी। बैठने के लिए कुर्सी तक नही थी। ग्रामीणो ने कहा हम भी अपने पार्षदों के शपथग्रहण के साक्षी बनने आए है, लेकिन प्रशासन ने हमारी उपेक्षा की है। शेष पेज 11 पर

## खेती में आधुनिक तकनीकों का उपयोग बढ़ेगा

# अरमुरकासा के 35 किसानों को मिले बैटरी चलित स्प्रेयर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुसुमकसा




ग्राम पंचायत अरमुरकासा में कृषि विभाग के तत्वावधान में बैटरी चलित स्प्रेयर वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जनपद पंचायत सदस्य मंजू संजय बैस, अध्यक्षता कृषि विभाग सभापति आशा आर्य तथा विशिष्ट अतिथि सरपंच हलधर गोरे उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा पूजा-अर्चना के साथ किया गया। कृषि विभाग के अधिकारी वाई.आर. देहारी ने अतिथियों का स्वागत कर कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। सरपंच हलधर गोरे ने स्वागत भाषण में कहा कि गांव में उद्यानिकी विभाग होने के बावजूद किसानों को अपेक्षित लाभ नहीं मिल पा रहा था। जनपद सदस्य मंजू बैस के प्रयासों से गांव के 35 किसानों को बैटरी चलित स्प्रेयर उपलब्ध हो सके हैं, जिसके लिए समस्त ग्रामवासी उनके आभारी हैं।

अध्यक्षता कर रहीं कृषि विभाग सभापति आशा आर्य ने कहा कि किसानों को मिले स्प्रेयर जनपद सदस्य मंजू बैस की सक्रिय पहल का परिणाम हैं। उन्होंने किसानों की मांग को जिला प्रशासन तक पहुंचाया, जिससे किसानों को यह सुविधा मिल सकी। उन्होंने किसानों को जल संरक्षण और उन्नत कृषि पद्धतियों को अपनाने के लिए भी प्रेरित किया। मुख्य अतिथि मंजू संजय बैस ने कहा कि जनप्रतिनिधि के रूप में उनकी सबसे बड़ी खुशी तब होती है, जब उनके प्रयासों का लाभ सीधे लोगों तक पहुंचता है। उन्होंने कहा कि बैटरी चलित स्प्रेयर से किसानों की मेहनत कम होगी और खेती में आधुनिक तकनीकों का उपयोग बढ़ेगा।

साथ ही उन्होंने किसानों से रासायनिक खेती पर निर्भरता कम कर धीरे-धीरे जैविक खेती अपनाने की अपील की। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने का भी आह्वान किया। कार्यक्रम का संचालन कृषि विभाग के अधिकारी चेतन लाल भुआर्य ने किया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत के पंचगण, किसान संतोष लेडिया, नरेश केरम, राकेश नसरवास, मुकेश मेरिया, इमन लाल, रामाधार सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप



### सिलिका रिडक्शन प्लांट का 20 लाख टन संचयी उत्पादन का आंकड़ा पार

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के तहत संचालित दल्ली मैकेनाइज्ड माइंस के सिलिका रिडक्शन प्लांट (एसआरपी) ने 20 लाख टन संचयी उत्पादन किया। 23 जून 23 को सिलिका रिडक्शन प्लांट के उद्घाटन बाद इसका वाणिज्यिक उत्पादन प्रारंभ हुआ। संयंत्र ने 7 मई 2025 को संचालन प्रारंभ होने के 563 दिनों के भीतर 10 लाख टन उत्पादन का आंकड़ा प्राप्त किया। इसके बाद अगले 10 लाख टन उत्पादन का लक्ष्य मात्र 393 दिनों में हासिल किया गया सिलिका रिडक्शन प्लांट की स्थापना उच्च सिलिकायुक्त 1 एमएम से कम आकार के लौह अयस्क फाइंस के उन्नयन के लिए की गई है। यह अत्याधुनिक बेनीफिशिएशन तकनीक से सुसज्जित है। इसके माध्यम से लौह अयस्क में उपस्थित सिलिका की मात्रा को कम कर बीएसपी के लिए उच्च गुणवत्ता वाला लौह अयस्क उपलब्ध कराया जाता है। यह परियोजना सेल की उस रणनीति का महत्वपूर्ण हिस्सा है, जिसके तहत निम्न श्रेणी के लौह अयस्क संसाधनों का अधिकतम उपयोग सुनिश्चित किया जा रहा है। छह दशक से अधिक पुराने दल्ली-राजहरा खदान क्षेत्र में लौह अयस्क की गुणवत्ता में क्रमिक कमी को देखते हुए 1 एमएम से कम आकार के लौह अयस्क फाइंस का बेनीफिशिएशन आवश्यक हो गया था। ताकि ब्लास्ट फर्नेस संचालन के लिए अपेक्षित गुणवत्ता का अयस्क उपलब्ध कराया जा सके।

# रावघाट रेल लाइन पर तकनीकी ट्रायल, जल्द शुरू हो सकेगी यात्री सेवा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

दल्लीराजहरा- रावघाट रेल परियोजना में रावघाट रेलखंड पर नियंत्रित गति और सीमित भार के साथ तकनीकी ट्रायल प्रारंभ किया गया। इस रेलवे लाइन पर ट्रायल में 58 डिब्बों के रेक का उपयोग किया गया। यह ट्रायल आगे भी विभिन्न चरणों में जारी रहेगा और रेल लाइन की परिचालन क्षमता, संरचनात्मक सुरक्षा तथा तकनीकी मानकों का परीक्षण किया जाएगा।

95 किलोमीटर लंबी दल्लीराजहरा-रावघाट रेल परियोजना को भिलाई इस्पात संयंत्र और भारतीय रेलवे के साझा प्रयासों से विकसित किया जा रहा है। वर्ष 2008 में हुए एमओयू के बाद शुरू हुई यह परियोजना केवल लौह अयस्क परिवहन का माध्यम नहीं, बल्कि बस्तर अंचल को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने वाली एक महत्वपूर्ण पहल बन चुकी है। इस परियोजना में सेल द्वारा अब तक करीब 1800 करोड़ रुपये रेल लाइन निर्माण पर तथा रावघाट परियोजना के समग्र विकास पर 2000 करोड़ रुपये का निवेश किया जा चुका है। रेल लाइन निर्माण का अधिकांश कार्य पूर्ण हो चुका है।

## परियोजना पूरी हो जाने पर वनांचल का होगा विकास





### रावघाट स्टेशन का निर्माण प्रगति पर

वर्तमान में रावघाट स्टेशन भवन, यात्री सुविधाओं तथा सिग्नलिंग और दूरसंचार (एसएंडटी) से जुड़े कार्यों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। जुलाई के अंत तक स्टेशन परिसर के शेष कार्य पूर्ण होने की संभावना है। बाद कमिश्नर ऑफ रेलवे सेफ्टी (सीआरएस) द्वारा निरीक्षण और सुरक्षा स्वीकृति की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। रेलवे अधिकारियों के अनुसार सीआरएस की स्वीकृति मिलने के बाद इस रेलखंड पर यात्री ट्रेन संचालन का मार्ग भी प्रशस्त हो जाएगा। वर्ष 2022 में दल्लीराजहरा से तारोकी तक यात्री ट्रेन सेवा शुरू होने से क्षेत्र में लोगों को सुविधाएं मिल रही हैं।

## निजी हाथों में देने पर संयुक्त यूनियन करेगा आंदोलन

# सेक्टर 9 अस्पताल के निजीकरण से हजारों बीएसपी कर्मियों व परिवारों को होगा नुकसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र के जवाहरलाल नेहरू चिकित्सा एवं अनुसंधान केंद्र के निजीकरण के विरोध और सुविधाओं में सुधार के लिए संयुक्त ट्रेड यूनियन भिलाई ने निदेशक प्रभारी भिलाई इस्पात संयंत्र के नाम ज्ञापन सौंप इस अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डां. कौशलेंद्र ठाकुर से चर्चा की। यूनियन ने कर्मचारी हित में अस्पताल के निजीकरण नहीं करने और सुविधाओं को अपडेट किए जाने की मांग की। संयुक्त ट्रेड यूनियन ने बताया कि सेक्टर 9 अस्पताल क भिलाई इस्पात संयंत्र के कर्मचारियों, सेवानिवृत्त कर्मचारियों, अधिकारियों एवं उनके परिवारजनों को वर्षों से उत्कृष्ट चिकित्सा सेवाएं प्रदान करता रहा है। एक समय यह अस्पताल मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ के प्रमुख अस्पतालों में अपनी विशिष्ट पहचान रखता था। लेकिन पिछल कुछ वर्षों में डॉक्टरों, नर्सों एवं अन्य चिकित्सा कर्मचारियों की कमी तथा आवश्यक संसाधनों के अभाव के कारण इसकी सुविधाओं में गिरावट आई है। इससे बीएसपी कर्मचारियों को परेशानी हो रही है। अस्पताल के निजीकरण के लिए विभिन्न निजी कंपनियों से सर्वेक्षण और अन्य प्रक्रियाएं संचालित किए जाने का संयुक्त ट्रेड यूनियन द्वारा लगातार पुरजोर विरोध किया जा रहा है। यूनियन के मुताबिक निजीकरण से कर्मचारियों, सेवानिवृत्त कर्मियों और उनके आश्रितों के हित प्रभावित होंगे तथा गुणवत्तापूर्ण और सुलभ चिकित्सा सेवाओं पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा।

## डाक्टरों, पैरामेडिकल व संसाधनों की कमी से सुविधाओं में गिरावट



### यह हैं मांगें, मुख्य चिकित्सा अधिकारी से चर्चा

सेक्टर-9 अस्पताल के निजीकरण से संबंधित सभी प्रक्रियाएं तत्काल प्रभाव से बंद की जाएं। डॉक्टरों, विशेषज्ञ चिकित्सकों, नर्सों व तकनीकी कर्मचारियों के रिक्त पदों पर शीघ्र भर्ती की जाए। अस्पताल में आधुनिक चिकित्सा उपकरण एवं आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। कर्मचारियों, सेवानिवृत्त कर्मचारियों एवं उनके परिवारों को पूर्ववत गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सुविधाएं प्रदान की जाएं। अस्पताल को और अधिक सशक्त एवं उन्नत बनाने हेतु आवश्यक निवेश किया जाए।

### फिर मिला आश्वासन

यूनियन नेताओं ने मांग की कि बीएसपी कर्मचारियों और उनके परिवारों के हितों को ध्यान में रखते हुए प्रबंधन अस्पताल का निजीकरण न करे। संयुक्त ट्रेड यूनियन आंदोलन करने के लिए मजूबूर होगी। चर्चा के दौरान डां. कौशलेंद्र ठाकुर ने आश्वस्त किया की संयुक यूनियन की मांगों एवं ज्ञापन को उच्च प्रबंधन को अवगत कराया जाएगा एवं स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार के लिए उच्च प्रबंधन से बैठक कर निराकरण किया जाएगा। ज्ञापन देने के दौरान इंटक, सीटू एटक, एचएमएस एक्टू, लोईमू ,स्टील वर्कर्स यूनियन के पदाधिकारी उपस्थित थे।

# मोहलत दी पर नहीं हटाया कब्जा, दोबारा हुई कार्रवाई




हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

नगर पालिक निगम भिलाई ने अतिक्रमण के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए जोन-4 शिवाजी नगर क्षेत्र के नंदिनी रोड स्थित ग्रुप-ए भूखंड क्रमांक-2 के पूर्व दिशा में किए गए अवैध निर्माण को हटाने की कार्रवाई की। यह कार्रवाई उच्च न्यायालय बिलासपुर द्वारा संरचना के विध्वंस संबंधी पारित आदेश के पालन में की गई। जानकारी के अनुसार उक्त स्थल पर उत्पल घोष द्वारा आवागमन बाधित कर व्यवसाय संचालित किया जा रहा था। निगम प्रशासन ने 11 जून को बेदखली की कार्रवाई शुरू की थी, लेकिन उस दौरान कब्जाधारी द्वारा स्वयं अवैध निर्माण हटाने के लिए 24 घंटे का अतिरिक्त समय मांगा गया। मांग को देखते हुए निगम ने कार्रवाई स्थगित कर दी थी। हालांकि निर्धारित समय सीमा समाप्त होने के बाद भी अवैध कब्जा नहीं हटाया गया। बुधवार 17 जून को निगम प्रशासन ने दोबारा सख्त कार्रवाई करते हुए जोन-4 राजस्व विभाग, बेदखली दल और पुलिस प्रशासन की संयुक्त टीम के साथ मौके पर पहुंचकर अवैध निर्माण को हटाया। निगम अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि सार्वजनिक मार्गों एवं शासकीय भूमि पर किसी भी प्रकार के अवैध कब्जे को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस कार्रवाई के दौरान क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल तैनात रहा।

- नंदिनी नगर रोड पर उत्पल घोष के यहां कार्रवाई


# जैविक व प्राकृतिक खेती आवश्यक : मंत्री गजेन्द्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

कृषि विभाग, जिला दुर्ग द्वारा आत्मा योजना के अंतर्गत "खेत बचाओ अभियान" के तहत आयोजित एक दिवसीय जिला स्तरीय किसान मेला एवं कृषि प्रदर्शनी एवं जैविक खेती जागरूकता कार्यक्रम विकासखंड धमधा के ग्राम जोगीगुफा (लिटिया) में संपन्न हुआ। इस वृहद आयोजन का मुख्य उद्देश्य जिले के कृषकों को प्राकृतिक और जैविक खेती, मृदा स्वास्थ्य, जल संरक्षण, फसल विविधीकरण, रायायनिक उर्वरकों का संतुलित उपयोग संबंधी जानकारियों तथा आधुनिक तकनीकों के प्रति जागरूक करना था। आयोजित कार्यक्रम में जिले के लगभग 12 सौ किसानों की उत्साहपूर्वक सहभागिता रही।

- दुर्ग जिले में जैविक कृषि को बढ़ावा देने हेतु जिला स्तरीय किसान मेला एवं कृषि प्रदर्शनी का आयोजन

किसान मेले का शुभारंभ मुख्य अतिथि शिक्षा एवं विधि विधायी मंत्री गजेन्द्र यादव, अहिवारा विधायक डोमनलाल कोर्सेवाड़ा, साजा विधायक ईश्वर साहू की गरिमामयी उपस्थिति में दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर जितेन्द्र साहू अध्यक्ष तेलघानी विकास बोर्ड, सरस्वती बंजारे जिला पंचायत अध्यक्ष, पवन शर्मा जिला पंचायत उपाध्यक्ष, लिमन साहू अध्यक्ष जनपद पंचायत धमधा, नीलम राजेश चंद्राकर सभापति कृषि स्थायी समिति, जिला पंचायत, जितेन्द्र यादव सदस्य जिला पंचायत एवं धमधा कृषि समिति की सभापति सतरूपा पटेल सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि व वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।



### नवाचार व वैज्ञानिक तकनीकी को अपनाएं

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गजेन्द्र यादव ने अपने उद्बोधन में कहा कि वर्तमान समय में टिकाऊ कृषि के लिए जैविक एवं प्राकृतिक खेती अत्यंत आवश्यक है। कृषि, पशुपालन, मत्स्य पालन एवं उद्यानिकी को एकीकृत रूप से अपनाकर किसान अपनी आय में उल्लेखनीय वृद्धि कर सकते हैं। उन्होंने किसानों से खेती में नवाचार एवं वैज्ञानिक तकनीकों को अपनाने के साथ ही धान के स्थान पर अन्य दलहन, तिलहन फसल हेतु शासन द्वारा कृषक हित में 15,000 रुपये प्रति एकड़ की प्रोत्साहन राशि का प्रावधान किया गया है जिसे अधिकाधिक कृषकों को योजना का लाभ लेने हेतु अपील की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि द्वारा 5 जैविक खेती एवं बीज उत्पादन से संबंधित कृषकों, 5 किसान मित्रों एवं 2 जैविक उत्पादक महिला समूहों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया तथा 20 कृषकों को उड़द तथा 50 कृषकों को अरहर के उन्नत किस्म का बीज मिनीकिट वितरण किया गया।

### किसानों को प्रेरित करने लगाई प्रदर्शनी

कृषि विभाग द्वारा लगाए गए प्रदर्शनी स्टॉलों में जैविक खेती, प्राकृतिक खेती, नील हरित काई (ब्लू ग्रीन एल्गी), हरी खाद, वर्मी कम्पोस्ट, फसल विविधीकरण, जल संरक्षण, मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन, उन्नत कृषि यंत्र तथा उन्नत कृषि तकनीकों का प्रदर्शन किया गया। कृषि विशेषज्ञों ने किसानों को बताया कि रसायनिक खेती के स्थान पर जैविक एवं प्राकृतिक खेती अपनाकर उत्पादन लागत कम की जा सकती है तथा भूमि की उर्वरा शक्ति को लंबे समय तक बनाए रखा जा सकता है। रासायनिक उर्वरक डी.ए.पी के स्थान पर अन्य वैकल्पिक उर्वरकों के उपयोग के संबंध में विस्तृत व्याख्यान दिया गया। किसानों को जैविक खाद निर्माण, जीवामृत, घनजीवामृत, वर्मी कम्पोस्ट तथा अन्य प्राकृतिक कृषि पद्धतियों की जानकारी दी गई। साथ ही रासायनिक उर्वरकों के संतुलित उपयोग, नैनो यूरिया और नैनो डीएपी एवं मिट्टी परीक्षण के महत्व पर भी विस्तार से प्रकाश डाला गया।

### पशुपालन व डेयरी विकास की दी जानकारी

मेले में पशुधन विकास विभाग द्वारा उन्नत पशुपालन एवं डेयरी विकास, मत्स्य विभाग द्वारा मत्स्य पालन आधारित आय संवर्धन तथा उद्यानिकी विभाग द्वारा फल, सब्जी एवं मसाला फसलों की उन्नत खेती संबंधी जानकारी प्रदान की गई। विभागों द्वारा संचालित योजनाओं एवं अनुदान सुविधाओं की जानकारी भी कृषकों को उपलब्ध कराई गई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कृषक, कृषि वैज्ञानिक, जनप्रतिनिधि एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। किसानों ने कृषि प्रदर्शनी एवं तकनीकी सत्रों में विशेष रुचि दिखाई तथा विशेषज्ञों से सीधे संवाद कर अपनी समस्याओं का समाधान प्राप्त किया।

# आयुक्त ने किया मदर टेरेसा नगर के विकास कार्य व शौचालय का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

नगर निगम भिलाई आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने जोन-03 मदर टेरेसा नगर क्षेत्र का व्यापक निरीक्षण कर विभिन्न विकास कार्यों की प्रगति का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माणाधीन आकांक्षी शौचालय, सार्वजनिक शौचालय, पुल निर्माण तथा अन्य नागरिक सुविधाओं से जुड़े कार्यों का अवलोकन करते हुए अधिकारियों को कार्यों को निर्धारित समय सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए।



साथ ही अवैध निर्माण और सड़क पर निर्माण सामग्री रखकर आवागमन बाधित करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए।

### पावर हाउस फल मंडी क्षेत्र का लिया जायजा, सफाई के निर्देश

आयुक्त ने पावर हाउस छावनी थाना के सामने स्थित लाल मैदान का निरीक्षण किया और आवश्यक सुझाव दिये। इसके बाद फल मंडी क्षेत्र में पूर्व से निर्मित शौचालय की स्थिति का जायजा लेते हुए साफ-सफाई बनाए रखने, नलों में टोटी लगाने तथा पानी की बर्बादी रोकने के निर्देश दिए। शौचालय परिसर के समीप नव निर्मित भवन का भी अवलोकन किया गया। निरीक्षण के दौरान जवाहर मार्केट में नागरिकों और व्यापारियों की सुविधा के लिए बनाए गए सामुदायिक शौचालय का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को बेहतर बनाए रखने कहा गया। वहीं टाटा लाइन रोड के समीप नाली पर निर्माणाधीन पुल का निरीक्षण करते हुए कार्य को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए, ताकि नागरिकों को आवागमन में सुविधा मिल सके।

### नालियों पर लोगों ने बना दिया है स्लैब साफ-सफाई के लिए हो रही दिक्कत

आयुक्त ने सड़क पर भवन निर्माण सामग्री रखकर यातायात बाधित करने पर संबंधित व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई करने को कहा। इसके अलावा वार्डों में नालियों के ऊपर स्लैब डालकर किए गए अतिक्रमण को गंभीरता से लेते हुए ऐसे सभी स्लैब हटाने और तोड़ने की कार्रवाई करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि नालियों पर स्लैब होने से सफाई कार्य प्रभावित होता है और जल निकासी व्यवस्था बाधित होती है। सूर्या नगर कैम्प-2 में निर्माणाधीन आधुनिक शौचालय तथा वार्ड-36 श्याम नगर स्थित महिला शौचालय का भी निरीक्षण किया गया। आयुक्त ने दोनों स्थलों पर कार्यों को शीघ्र पूरा करने और नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जोन आयुक्त कुलदीप गुप्ता, कार्यपालन अभियंता अनिल सिंह, सहायक अभियंता नितेश मेश्राम, उप अभियंता दीपक देवांगन, सहायक राजस्व अधिकारी बसंत देवांगन, पार्षद प्रतिनिधि त्रिलोचन, जोन स्वास्थ्य अधिकारी बीरेन्द्र बंजारे सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## आयुक्त करवा रही है सोक पिट का भी सत्यापन

# रिसाली निगम में रेन हार्वेस्टिंग सिस्टम का सर्वे, बंद मिलने पर होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

रिसाली निगम ने आवासों और व्यावसायिक परिसरों में बने वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम का सर्वे शुरू करवाया है। वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम बंद या फिर कंडम होने पर नगर पालिक निगम रिसाली प्रावधानों के अनुरूप कार्रवाई करेगा। इसके लिए आयुक्त मोनिका वर्मा न केवल टीम का गठन की है, बल्कि सूची के आधार पर जल संरक्षरण के लिए बनाए सोक पिट का सत्यापन भी करा रही है।

- समझाइश के बाद भी ध्यान नहीं देने पर होगी कार्रवाई

### जलसंरक्षण की दिशा में ये पहल

नगर पालिक निगम रिसाली की आयुक्त मोनिका वर्मा ने निर्धारित माप दण्डों पर तैयार वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम का सत्यापन करने का निर्देश दी है। आयुक्त ने बताया कि वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम बंद या फिर कंडम मिलने पर नियमानुसार वे कार्रवाई भी करेंगी। उन्होंने ने बताया कि वर्तमान समय में शासन लगातार जल संरक्षण को लेकर गंभीर है। शासन के निर्देश पर ही पूरे क्षेत्र में वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम की जांच की जा रही है। भवन निर्माण के समय सशर्त दी गई अनुज्ञप्ति के अनुसार जल संरक्षण के लिए कदम उठाया जाना निर्धारित है। अगर किसी प्रकार की कोताही बर्ती गई तो पहले समझाइश दी जाएगी अन्यथा की स्थिति में कार्यवाही किया जाना प्रस्तावित है। आयुक्त मोनिका वर्मा ने नागरिकों से अपील की है कि घर अथवा व्यावसायिक प्रतिष्ठान स्थल पर बने वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम को बारिश के पूर्व सभी संधारित कर लें।

### इसलिए है यह जरूरी



वर्तमान समय में भूमिगत जल स्रोत लगातार गिरते जा रहा है। पेयजल अथवा निस्तारी के लिए पानी की आपूर्ति करना एक चुनौति के रूप में सामने खड़ा हुआ है। यही वजह है कि आने वाले समय में पेयजल बाधित न हो इसके लिए बारिश के पानी को संरक्षित कर भूमिगत जल के स्रोत को बढ़ाने देशव्यापी अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत घर अथवा व्यावसायिक प्रतिष्ठानों और सार्वजनिक जगहों पर वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम का निर्माण प्राथमिकता के साथ कराया जा रहा है।

### बारिश के पूर्व करें सफाई

निगम आयुक्त मोनिका वर्मा ने नागरिकों से अपील की है कि नागरिकों द्वारा बनाए घरों अथवा व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में बने वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम की सफाई कर उसे चालू करना बेहद आसान है। उन्होने ने बताया कि आमतौर पर दो स्तर पर वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम बनाया गया है। पहला बारिश के पानी को सीधे तौर पर बोर अथवा कुंआ में डालकर संरक्षित किया जाता है। वहीं दूसरी पद्धति में बारिश के पानी को भूमिगत करने सिस्टम तैयार किया जाता है। इस प्रणाली में मिट्टी, गिट्टी, रेत व चारकोल का उपयोग किया जाता है। छः माह से अधिक समय होने पर नागरिक चारकोल के ऊपर बिछाए जाली को पहले साफ करे, इसके बाद बारिश के पानी को सिस्टम तक लाने बिछाए गए पाइप लाइन सफाई कर उपरी सतह पर जमे मिट्टी को हटा दे। इससे सिस्टम बारिश में अच्छे से काम करता है।

# टाउनशिप में झाड़ियों की नहीं हुई छंटाई, बिजली होती है गुल

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

मानसून की आहट के बाद भी टाउनशिप के रिहायशी इलाकों में सड़कों के किनारे बिजली खंभों से लगी पेड़ों की झाड़ियों की छंटाई नहीं होने से आए दिन बिजली गुल हो रही है। इसके कारण क्षेत्रवासियों को भार परेशानी हो रही है। बुधवार को शाम अंधड़ के दौरान स्पार्किंग से सेक्टर के एक हिस्से सहित कई इलाकों में बिजली गुल रही है। यूनियनों ने बीएसपी के नगर सेवाएं विभाग के विद्युत अभियांत्रिकी विभाग से अभियान चलाकर पेड़ों की झाड़ियों की छंटाई की है। टाउनशिप में जाती गर्मी तक बिजली गुल की समस्या से परेशान रहवासियों की यह समस्या अब वर्षा के मौसम में भी जारी रह सकती है। इसकी वजह सभी सेक्टरों में कुछ प्रमुख सड़कों को छोड़कर बारिश पूर्व बिजली खंभों के तारों के निकट झूलती घने पेड़ों की छंटाई नहीं किया जाना है। इस कारण पिछले हफ्ते भर से तेज हवा अंधड़ आने पर झाड़ियां तारों से टकराने से लाइट हो जा रही है। सेक्टर 6 बी मार्केट निकट तारों पर झाड़ियों के टकराने से स्पार्किंग होने से बिजली गुल हो गई। सेक्टर 8 ब्रिज के निकट भी इसके चलते बिजली चली गई। टाउनशिप झाड़ियों के टकराने से स्पार्किंग के कारण बिजली गुल होना एक बड़ा कारण है। यूनियनों के मुताबिक पंद्रह बीस साल पहले टाउनशिप में नगर सेवाएं विभाग द्वारा गाजर घास उखाड़ने के काम की तरह बारिश पूर्व झाड़ियों की कटाई के लिए अभियान चलाया जाता था। लेकिन अब खानापूर्ति होती है।

## खबर संक्षेप

### चंगोरी में वोल्टेज की समस्या, बिजली उपभोक्ता परेशान

**दुर्ग।** चंगोरी के पुराना बस्ती के ग्रामीण पिछले 15 महीनों से लो-वोल्टेज की गंभीर समस्या से जूझ रहे हैं। ट्रांसफार्मर पर अधिक लोड होने के कारण घरों में बिजली के उपकरण चलना मुश्किल हो गया है। ग्रामीणों ने 17 जून 2024 को आवेदन दिया था, जिसमें ग्रामवासियों दिनेश कुमार, रमेश, प्रशांत, यशवंत समेत दर्जनों लोगों के हस्ताक्षर के साथ कनिष्ठ अभियंता को आवेदन सौंपा था। आवेदन में साफ मांग की गई थी कि वोल्टेज समस्या का जल्द निराकरण किया जाए। बिजली विभाग ने 19 जून 2024 को आवेदन पर प्राप्त की मुहर लगा दी, लेकिन 15 महीने बीतने के बाद भी ट्रांसफार्मर की क्षमता नहीं बढ़ाई गई और ना ही कोई वैकल्पिक व्यवस्था की गई। ग्रामीणों का कहना है कि लो-वोल्टेज के कारण गर्मी में पंखे-कूलर नहीं चलते। मोटर ना चलने से पानी की भारी किल्लत है। टीवी, फ्रिज, कूलर जैसे उपकरण खराब हो रहे हैं। बच्चे से लेकर बुजुर्ग परेशान है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि 15 दिन के भीतर ट्रांसफार्मर नहीं बदला गया या अतिरिक्त ट्रांसफार्मर नहीं लगाया गया तो वे बिजली कार्यालय का घेराव करेंगे। इसकी पूरी जिम्मेदारी विभाग की होगी।

### आप ने लॉन्च किया एप मोबाइल से दर्ज होंगी समस्याएं

**भिलाई।** आम आदमी पार्टी जिला दुर्ग ने जनता की समस्याओं को सीधे पार्टी तक पहुंचाने और उनके समाधान के लिए सिविल सोसाइटी दुर्ग-भिलाई सीएसडीबी सॉल्यूशन नामक मोबाइल ऐप लॉन्च किया है। ऐप के माध्यम से नागरिक अपनी शिकायतें दर्ज कर सकेंगे और समस्याओं को संबंधित स्तर तक पहुंचाने का दावा किया गया है। आप नेता जसप्रीत सिंह ने बताया कि प्ले स्टोर पर उपलब्ध इस ऐप में मेरी समस्याएं, मेरा समाधान नाम से विशेष विकल्प दिया गया है। इसके जरिए जिले के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के नागरिक अपनी शिकायतें सीधे दर्ज कर सकते हैं।

### केन्द्र सरकार की उपलब्धि पर प्रदर्शनी आज से

**दुर्ग।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा देशभर में बढ़ता भारत, बदलता भारत अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में भाजपा जिला दुर्ग द्वारा 18, 19 और 20 जून को राजेंद्र पार्क में तीन दिवसीय विशेष प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा। भाजपा जिला अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक के नेतृत्व में आयोजित इस प्रदर्शनी का शुभारंभ 18 जून को शाम 4 बजे होगा। उद्घाटन समारोह में मंत्री गजेंद्र यादव, सांसद विजय बघेल, विधायक ललित चंद्राकर, विधायक ईश्वर साहू तथा महापौर अलका बाघमार सहित भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारी और जनप्रतिनिधि मौजूद रहेंगे। प्रदर्शनी में केंद्र सरकार के पिछले 12 वर्षों के विकास कार्यों, जनकल्याणकारी योजनाओं, आधारभूत संरचना के विस्तार, डिजिटल इंडिया, आत्मनिर्भर भारत, महिला सशक्तिकरण, किसान कल्याण तथा गरीब हितैषी योजनाओं को प्रदर्शित किया जाएगा। आयोजन का उद्देश्य आम नागरिकों को केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं और उपलब्धियों की जानकारी उपलब्ध कराना है।

# सीमांकन विवाद: विवाद में आदिवासी समाज के समर्थन में उतरे विधायक विक्रम उसेंडी, निष्पक्ष कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ▸▸| दल्लीराजहरा

- अत्याचार किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं होगा : विक्रम उसेंडी
- आशा टॉकीज सीमांकन विवाद ने पकड़ा राजनीतिक रंग, 20 जून के आंदोलन में गूंजेगा मामला

आशा टॉकीज परिसर में सीमांकन कार्य के दौरान आदिवासी महिला और आदिवासी युवक के साथ कथित गाली-गलौज एवं दुर्व्यवहार के मामले ने अब नया राजनीतिक मोड़ ले लिया है। घटना को लेकर आदिवासी समाज में बढ़ते आक्रोश के बीच छत्तीसगढ़ शासन के पूर्व मंत्री, पूर्व सांसद एवं वर्तमान विधायक विक्रम उसेंडी खुलकर आदिवासी समाज के समर्थन में सामने आए हैं।

विधायक विक्रम उसेंडी ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि आदिवासी समाज के साथ किसी भी प्रकार का दुर्व्यवहार, अपमान या अत्याचार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। चाहे कोई भी व्यक्ति हो, यदि वह दोषी पाया जाता है तो उसके खिलाफ कठोर कार्रवाई होनी चाहिए। मैं हमेशा आदिवासी समाज के पक्ष में खड़ा रहा हूं और आगे भी खड़ा रहूंगा।



**वायरल वीडियो के बाद बढ़ा आक्रोश**

गौरतलब है कि गत दिनों दल्लीराजहरा स्थित आशा टॉकीज में सीमांकन कार्य के दौरान राजस्व अधिकारियों, कर्मचारियों और स्थानीय लोगों के बीच विवाद हुआ था। घटना का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल होने के बाद आदिवासी समाज एवं विभिन्न संगठनों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। शिकायतकर्ता शिवकुमार ठाकुर एवं एक आदिवासी महिला द्वारा थाना राजहरा में शिकायत दर्ज कराते हुए गोविंद वाधवानी सहित अन्य दर्जनों लोगों पर जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करने, गाली-गलौज करने और धमकी देने के आरोप लगाए गए हैं।

इस बयान के बाद मामले ने और अधिक तूल पकड़ लिया है तथा आदिवासी समाज को एक बड़ा राजनीतिक समर्थन भी मिलता दिखाई दे रहा है। आदिवासी समाज के पदाधिकारियों का कहना है कि शिकायत दर्ज होने के बावजूद अब तक अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम की धाराओं में कार्रवाई नहीं होने से समाज में भारी नाराजगी है। समाज के नेताओं ने चेतावनी दी है कि यदि निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई नहीं की गई तो व्यापक आंदोलन किया जाएगा।

बताया जा रहा है कि 20 जून को आयोजित सर्व आदिवासी समाज की बैठक एवं आंदोलन में यह मुद्दा प्रमुखता से उठाया जाएगा। मामले पर विधायक विक्रम उसेंडी ने कहा कि आदिवासी समाज के सम्मान और अधिकारों से जुड़ा कोई भी विषय उनके लिए सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि यदि किसी आदिवासी महिला या पुरुष के साथ अपमानजनक व्यवहार हुआ है तो दोषियों को कानून के दायरे में लाया जाना चाहिए। उन्होंने यह भी संकेत दिए कि आवश्यकता पड़ने पर वे स्वयं आदिवासी समाज के आंदोलन में सक्रिय भूमिका निभाएंगे। जिला पुलिस अधीक्षक योगेश पटेल ने कहा कि शिकायत प्राप्त होने के बाद विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। शिकायत के आधार पर अपराध पंजीबद्ध किया गया है। मामले की सूक्ष्मता से जांच की जा रही है। जांच के दौरान पर्याप्त साक्ष्य मिलने पर धाराएं बढ़ाई जा सकती हैं तथा आवश्यकता पड़ने पर अन्य आरोपियों को भी शामिल किया जा सकता है। पुलिस सभी पहलुओं पर गंभीरता से जांच कर रही है।

## आयोजन : महिलाओं-बालिकाओं को दी स्वास्थ्य व सुरक्षा की जानकारी

# जिला स्तरीय पोषण पखवाड़ा सह महिला जागृति शिविर कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▸▸| अंडा





महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा परियोजना दुर्ग ग्रामीण के ग्राम पंचायत कुथरेल चंद्राकर भवन में जिला कार्यक्रम अधिकारी आर के जामुलकर एवं जिला महिला बाल विकास अधिकारी अजय साहू के मार्गदर्शन में जिला स्तरीय पोषण पखवाड़ा सह महिला जागृति शिविर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर है एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता जनपद अध्यक्ष कुलेश्वरी देवांगन के द्वारा किया गया। अन्य अतिथि गण जनपद सदस्य कुथरेल लोमेश चंद्राकर, पूर्व जनपद सदस्य प्रदीप चंद्राकर, पूर्व सरपंच कुथरेल राजश्री चंद्राकर रहे।

दुर्ग ग्रामीण परियोजना अधिकारी उषा झा के द्वारा विभागीय जानकारी के साथ बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान की चर्चा की गई। विधायक द्वारा अपने उदबोधन में बेटियों के लिए कहा बेटी बचेगा, तो समाज बचेगा। समाज बचेगा तो, देश बचेगा। जनपद अध्यक्ष द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की सराहना की गई।

कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग से रीना शर्मा द्वारा एचपीवी वैक्सीन के बारे मे जानकारी दी जो आने वाले समय में गर्भाशय कैंसर के बचाव के लिए 14 वर्ष से 15 वर्ष की किशोरी बालिकाओं को निशुल्क जिला स्वास्थ्य केंद्रों के माध्यम से लगाया जा रहा है।

पुलिस विभाग की रक्षा टीम से मीरा वर्मा द्वारा साइबर अपराध से बचने, डिजिटल अरेस्ट जैसा कुछ भी नहीं होता उसके प्रति सजग रहने के बारे में जानकारी दी गई।

अधिवक्ता विभा मिश्रा ने बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम के बारे मे जानकारी दी तथा बेटियों के साथ साथ बेटों को भी संस्कार देने की बात कही।

जिले से आईसीपीएस टीम द्वारा पॉक्सो एक्ट, चाइल्ड हेल्प लाइन नंबर 1098, छत्तीसगढ़ स्पॉन्सरशिप योजना, दत्तक पुत्री योजना, साइबर क्राइम, 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चे जो लैंगिक अपराधों से पीड़ित हैं, उस संबंध में कानूनी जानकारी दी गई। कार्यक्रम में 20 महिलाओ का

एच बी जांच के साथ साथ किशोरी बालिका का एच बी, 20 सिक्लिन टेस्ट किया गया। जिसमें 35 बालिकाएं लाभान्वित हुई। बालिकाओं को सुरक्षा किट का वितरण किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं के लिए विभिन्न खेलकूद एवं छोटे छोटे बच्चों द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया। कुर्सी दौड़ में प्रथम स्थान अनुसूइया साहू , द्वितीय गीतांजलि बघेल एवं तृतीय स्थान पदमिनी देशलहरे ने वहीं मटका फोड़ में उमा देशमुख ने प्रथम और दानिका ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। सभी विजेता महिलाओं को पुरस्कार दिया गया, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ थीम पर रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन कर भाग लेने वाली सभी बालिकाओं को पुरस्कृत किया गया। आंगनबाड़ी केंद्र में मिलने वाले रेडी टू ईट एवं नमकीन पौष्टिक दलिया से बने हुए विभिन्न प्रकार के व्यंजन की प्रदर्शनी भी की गई। ताकि सभी माताएं इस तरह का विविधता पूर्ण व्यंजन बनाकर अपने बच्चों को खिलाएं एवं उन्हें कुपोषित होने से बचा सकें।

कार्यक्रम में 04 गर्भवती महिलाओ को पोषण किट प्रदान कर गोदभराई कार्यक्रम कराया गया एवं 04 बच्चों का अन्नप्राशन किया गया और स्वस्थ शिशु हेतु मंगलकामनाएं की गई। कार्यक्रम में परियोजना दुर्ग ग्रामीण से पर्यवेक्षक ममता साहू, चंद्रकला वर्मा, शशि रैदास सोनल सोनी, कंचन गौतम, रागिनी अमृत एवं कुथरेल की कार्यकर्त्ता के साथ साथ बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलायें उपस्थित रहीं। वही कुथरेल की कार्यकर्ता शैलेन्द्री चंद्राकर, गीता साहू, निरंजना चंद्राकर, चित्रेखा चंद्राकर एवं सहायिका नीरा चंद्राकर, सीता साहू, हेमलता साहू, शैलकुमारी देशमुख को सम्मानित किया गया।

# हीरापुर में अंतिम संस्कार को लेकर विवाद, मुक्तिधाम में ग्रामीणों ने किया विरोध



हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

ग्राम हीरापुर में एक बार फिर मृतक के अंतिम संस्कार को लेकर विवाद की स्थिति निर्मित हो गई। मृतक का अंतिम संस्कार हिन्दू रीति रिवाज से नही करने के कारण ग्रामीणो में ग्राम के मुक्तिधाम में मृतक का अंतिम संस्कार करने से रोक दिया।

मृतक का नाम हरीशचन्द्र साहू 65 वर्ष बताया जा रहा है। मृतक के परिजन जब मृतक के शव को ग्राम के मुक्तिधाम में ले जाने का प्रयास करने लगे तो ग्रामीण मुक्ति धाम के पहले सड़क पर धरने पर बैठ गए एवं जमकर हंगामा किया। ग्रामीणो का आरोप है कि मृतक का परिवार हिन्दू रीति रिवाज को छोड़कर अन्य पंथ को मानता था और मृतक का अंतिम संस्कार उसी पंथ के अनुसार करने की बात कर रहा था। जिसको लेकर गांव में विरोध होने लगा, ग्रामीणो ने बताया कि मृतक द्वारा हिन्दू रीति रिवाज नही मामने पर ग्रामीणों ने अंतिम संस्कार पर लगाई रोक लगाई गई है। ग्रामीणों ने मृतक के परिवार को हिन्दू रीति रिवाज के साथ अंतिम संस्कार करने पर ही ग्राम के मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार करने देने की कही थी, जब मृतक के परिजनों ने बात नही मानी तब ग्रामीणो ने विरोध किया। हंगामे के बाद नगर पालिका के मुक्ति धाम में अंतिम संस्कार किया गया।

### आयुर्वेदिक हॉस्पिटल शिफ्ट होगा निगम के पास, आपत्ति

**दुर्ग।** कलेक्टोरेट सभागार में आयोजित जनदर्शन कार्यक्रम में अपर कलेक्टर सिल्ली थॉमस ने लोगों से शिकायत और मांग का आवेदन लिया। उन्होंने जनदर्शन में पहुंचे सभी लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और समुचित समाधान एवं निराकरण करने संबंधित विभागों को शीघ्र कार्रवाई करने आवेदन मार्क किया। भाजपा पटरीपार मंडल के अध्यक्ष मनमोहन शर्मा स्थानीय लोगों के साथ कलेक्टोरेट पहुंचे। उन्होंने आयुर्वेदिक अस्पताल के शिफ्ट किए जाने पर आपत्ति की। उन्होंने कहा कि एक बड़ा वर्ग आयुर्वेद अस्पताल इलाज के लिए पहुंचता है। हॉस्पिटल को शिफ्ट किए जाने से उन्हें परेशानी उठानी पड़ेगी। ज्ञापन सौंपने वालों में पार्षद देवनारायण चंद्राकर, खिलावन मटियारा, युवराज कुंजाम, सुरुचि उमरे, ललिता ठाकुर, पूर्व पार्षद अरुण सिंह सहित अन्य मौजूद थे। जनदर्शन में प्रगति नगर रिसाली वार्ड-22 में अधूरी नाली निर्माण, स्मृति नगर में बंद भारतम पार्क को अतिक्रमण मुक्त कराने, कचान्दुर में राइस मिलर्स द्वारा बाउण्ड्रीवॉल निर्माण को लेकर शिकायत की गई।

# शिक्षक फेडरेशन ने जिला डीईओ दीपक दुबे का किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▸▸| डौंडीलोहारा



छत्तीसगढ़ प्रदेश शिक्षक फेडरेशन जिला इकाई बालोद के पदाधिकारियों ने नवनियुक्त जिला शिक्षा अधिकारी दीपक दुबे से सौजन्य मुलाकात कर स्वागत किया। मुलाकात के दौरान शिक्षक फेडरेशन की ओर से जिला शिक्षा अधिकारी से परामर्शदात्री समिति की बैठक आयोजित करने का अनुरोध किया गया। इस पर जिला शिक्षा अधिकारी दीपक दुबे ने सहमति व्यक्त करते हुए जल्द बैठक आयोजित कराने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर दर्शन बालोद के प्रधान संपादक दीपक यादव द्वारा जिला शिक्षा अधिकारी दीपक दुबे को "दर्शन बालोद" मासिक पत्रिका की प्रति भी भेंट की गई। श्री दुबे ने इस प्रकाशन के प्रयास, स्थानीय विषयों के संकलन एवं पत्रकारिता आधारित इस पहल की सराहना करते हुए शुभकामनाएं दीं। प्रतिनिधिमंडल ने जिले में शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने, शिक्षकों की समस्याओं के समाधान तथा सकारात्मक संवाद की आवश्यकता पर भी अपने विचार रखे। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ प्रदेश शिक्षक फेडरेशन जिलाध्यक्ष राधेश्याम साहू, जिला सचिव गिरीश देवांगन, बालोद ब्लॉक अध्यक्ष राजकुमार उर्वशा, डौंडीलोहारा ब्लॉक अध्यक्ष मनसुखदास साहू, सचिव भूधर दास जोशी सहित फेडरेशन के प्रतिनिधि मंडल उपस्थित रहे। साथ ही छत्तीसगढ़ प्रदेश शिक्षक फेडरेशन बालोद के पूर्व ब्लाक अध्यक्ष तामेश्वर प्रसाद कौशल एवं दर्शन बालोद के प्रधान संपादक दीपक यादव भी कार्यक्रम में मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी ने जिला शिक्षा अधिकारी को नए दायित्व के लिए शुभकामनाएं देते हुए शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर कार्यों की अपेक्षा व्यक्त की।

### विकास के लिए बेहतर योजना की जरुरत : शंकरलाल



**दुर्ग।** पूर्व महापौर शंकरलाल ताम्रकार ने शहर विकास के लिए बेहतर कार्ययोजना की जरुरत बताया है। उन्होंने कहा कि दुर्ग निगम के अंतर्गत जितनी भी रिक्त भूमि है, उसे यथाशीघ्र चिन्हांकित किया जाना चाहिए। संबंधित अधिकारियों को इस काम में लगाया चाहिए। अतिक्रमण न हो, इस दिशा में कार्य किया जाना चाहिए। एक अच्छे विशेषज्ञ की मदद शहर के विकास के लिए लेनी चाहिए। पार्षदों से उनके वार्डों के योजना बद्ध विकास कार्यों पर उनके साथ चर्चा कर लिखित में लेनी चाहिए। उस पर कार्य प्राथमिकता से किया जाए। अतिक्रमण के मामले में चर्चा कर प्रकरण सुलझाने का प्रयास होना चाहिए। लंबित टैक्स के मामले में पेनल्टी वसूलनी चाहिए। भवन निर्माण के मामलों में नियमित जांच होनी चाहिए, जहां कहीं भी गड़बड़ी मिले, तत्काल कार्रवाई की जाए। मुख्यमंत्री के विचारों को भी सम्मान मिलना चाहिए।

# नवीन शिक्षा सत्र का शुभारंभ, 27 जून तक चलेगा शाला प्रवेशोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▸▸| दुर्ग



प्रदेश के शासकीय विद्यालयों में मंगलवार से नवीन शिक्षा सत्र 2026-27 का शुभारंभ उत्साह और उल्लास के साथ हुआ। शाला प्रवेशोत्सव के अंतर्गत नवप्रवेशी विद्यार्थियों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। विद्यालयों में पहले ही दिन से राष्ट्रगान, राष्ट्रगीत, सरस्वती वंदना एवं गुरुमंत्र के साथ शैक्षणिक गतिविधियों की शुरुआत हुई।

स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा निर्धारित नई दिनचर्या के अनुसार अब प्रदेश के सभी विद्यालयों में प्रतिदिन प्रार्थना सभा आयोजित की जाएगी, जिसमें राष्ट्रगान के साथ विभिन्न सांस्कृतिक एवं नैतिक गतिविधियां शामिल होंगी। वहीं मध्यान्ह भोजन से पूर्व विद्यार्थियों द्वारा सामूहिक रूप से भोजन मंत्र का उच्चारण किया जाएगा तथा विद्यालय की छुट्टी के समय राज्यगीत, गायत्री मंत्र और शांति मंत्र का सामूहिक वाचन कराया जाएगा। नए शिक्षा सत्र के प्रथम दिवस विद्यार्थियों को निःशुल्क पाठ्यपुस्तकों का वितरण भी किया जा रहा है । इसके साथ ही विद्यार्थियों के नामांकन में वृद्धि तथा उन्हें विद्यालयों से जोड़ने के उद्देश्य से प्रदेशभर में 27 जून तक 12 दिवसीय शाला प्रवेशोत्सव अभियान संचालित किया जा रहा है। शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव ने कहा कि विद्यालयों में सामूहिक रूप से मंत्रोच्चार, प्रार्थना एवं सांस्कृतिक गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों के व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास होगा। इससे बच्चों में अनुशासन, एकाग्रता, सकारात्मक सोच, नैतिक मूल्यों और भारतीय संस्कृति के प्रति सम्मान की भावना विकसित होगी। 2026-27 से प्रदेश के सभी विद्यालयों में विद्यार्थियों के बौद्धिक, मानसिक एवं सांस्कृतिक विकास को ध्यान में रखते हुए लागू की गई नई व्यवस्था अत्यंत सराहनीय है।

## पेज 9 का शेष

### अंतर्राज्यीय डीजल चोरी ...

दुपाड़ा थाना लालघाटी जिला शाजापुर म.प्र. निवासी होकम सिंह मालवी पिता छितुलाल मालवी उम्र 50 वर्ष, ग्राम गुमागांव हर्षित हरमुनी कालोनी रायपुर थाना उरला जिला रायपुर निवासी विरेन्द्र सिंह पिता स्व. निर्मल सिंह 39 वर्ष, ग्राम दुपाड़ा थाना लालघाटी जिला शाजापुर म.प्र. निवासी धरमराज पिता विक्रम फुलेरिया उम्र 19 वर्ष को गिरफ्तार किया गया आरोपीगणों को 18 जून को न्यायालय के समक्ष पेश कर न्यायिक रिमांड पर भेजी जा रही है। वही पूर्व में जेल दाखिल आरोपीयो में ग्राम छापीहेडा प्राथमिक स्कुल के पास थाना सिटी कोतवाली शाजापुर जिला शाजापुर म.प्र. निवासी शिवपाल उर्फ शिवा वाल्मिकी पिता पीरुलाल वाल्मिकी 19 वर्ष, ग्राम छापीहेडा थाना सिटी कोतवाली शाजापुर जिला शाजापुर म.प्र. निवासी देवेन्द्र विश्वकर्मा पिता राधेश्याम विश्वकर्मा 25 वर्ष को गिरफ्तार किया गया था।

### व्यवस्था को लेकर विवाद...

उन्होने आरोप लगाया कि नगर पंचायत में कांग्रेस की सत्ता बैठते ही प्रशासन भाजपा की उपेक्षा करने लगी है। इधर विवाद इतना गहराया कि पार्षद बिना शपथग्रहण किए चले गए। प्रशासन लगातार यह प्रयास करता रहा कि शपथ ग्रहण हो जाए, लेकिन भाजपा पार्षद नही माने। अब शुक्रवार को 10:30 बजे शपथग्रहण होगा। पार्षद खिलेश्वरी साहू ने कहा हमारे साथ ग्रामीण भी शपथग्रहण के लिए पहुंचे थे, लेकिन वहां बैठने तक की व्यवस्था नही की गई थी। हमे बुधवार की रात्रि में शपथग्रहण के लिए सूचना दी गई थी। पीठासीन प्राधिकारी आर.के सोनकर से जब बात करने का प्रयास किया गया तो वे व्यस्तता बताकर बात करने से इंकार कर दिया।

### चेक बाउंस मामले में प्रधान ...

का वचन दिया गया था। निर्धारित अवधि समाप्त होने के बाद भी भुगतान नहीं किए जाने पर परिवादी ने अपनी रकम वापस मांगी। इसके बाद आरोपी ने केनरा बैंक, धमतरी शाखा स्थित अपने खाते से तीन लाख रुपये का चेक क्रमांक 228342 परिवादी को सौंपा। परिवादी द्वारा उक्त चेक को बैंक में भुगतान हेतु प्रस्तुत किया, किंतु आरोपी के खाते में पर्याप्त राशि उपलब्ध नहीं होने के कारण चेक अनादरित हो गया। चेक बाउंस लेने के बाद परिवादी ने विधिक पक्रिया का पालन करते हुए आरोपी को 11 जुलाई तथा 26 जुलाई को पंजीकृत डाक के माध्यम से नोटिस भेजकर भुगतान की मांग की। न्यायालय में प्रस्तुत दस्तावेजों के अनुसार एक नोटिस आरोपी के पते पर ताला बंद होने के कारण वापस लौट आया, जबकि दूसरे पते पर भेजा गया नोटिस आरोपी को विधिवत प्राप्त हुआ था। इसके बावजूद आरोपी ने निर्धारित वैधानिक अवधि के भीतर भुगतान नहीं किया, जिसके बाद परिवादी ने न्यायालय की शरण ली। सुनवाई के दौरान आरोपी का परीक्षण दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 313 के अंतर्गत किया गया। आरोपी ने स्वयं को निर्दोष बताते हुए आरोपों से इंकार किया, किंतु अपने बचाव में कोई साक्ष्य प्रस्तुत नहीं कर सका। न्यायालय द्वारा पर्याप्त अवसर दिए जाने के बावजूद प्रतिरक्षा पक्ष की ओर से कोई दस्तावेज या साक्ष्य पेश नहीं किया गया। मामले में प्रस्तुत दस्तावेजी साक्ष्यों, बैंक अभिलेखों, नोटिसों तथा अन्य तथ्यों का गहन परीक्षण करने के बाद न्यायालय ने पाया कि आरोपी के विरुद्ध परक्राम्य लिखत अधिनियम की धारा 138 के तहत अपराध पूर्ण रूप से सिद्ध होता है। न्यायालय ने अपने आदेश में कहा कि चेक का सम्मान वित्तीय लेन–देन की आधारशिला है तथा चेक अनादरण की घटनाएं बैंकिंग प्रणाली में आम नागरिकों के विश्वास को कमजोर करती हैं। इसलिए ऐसे मामलों में विधि द्वारा निर्धारित दंड का कठोरता से पालन आवश्यक है। इन्हीं तथ्यों को दृष्टिगत रखते हुए न्यायालय ने आरोपी षडप्रकाश किरण कटेन्द्र को दोषसिद्ध घोषित करते हुए छह माह के साधारण कारावास की सजा सुनाई।

सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का ♦ State of the art NICU including care for Preterm, Term
A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा ♦ वातानुकुलित बच्चों का वार्ड
Multi Para Monitors / Bubble CPAP ♦ Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए ♦ प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था ♦ 24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
डॉ. विजय रावत (MBBS/DCH) नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद) मो. 9981321524 / 7223011528

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बावासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या, पुलिस जांच में जुटी

**बालोद।** ग्राम बोरतरा में युवक ने अपने घर के कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जहां पुलिस के पहुंचने के बाद शव को फांसी के फंदे से उतारा गया। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम बोरतरा निवासी मृतक धन्नू लाल चंदेल के बड़े भाई टिके"वर चंदेल के द्वारा दो दिन पहले छठ्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया था उस दौरान मृतक युवक के व्यवहार को लेकर परिवार ने पुलिस में शिकायत की थी, जहां पुलिस ने युवक को समझाईस देकर छोड़ दिया था, जिसके बाद युवक घर जाने तथा रात का खाना खाने के बाद अपने कमरे में सो गया था, अगली सुबह युवक जब बहुत देर तक नही उठा तो उसकी मां उसके कमरे में गई लेकिन युवक दरवाजा नही खोला जिसके बाद युवक की मां ने इसकी जानकारी आस पास के लोगो को दी। जिसके बाद ग्रामीणो द्वारा युवक के कमरे का दरवाजा खोलने पर युवक अपने कमरे में फांसी के फंदे पर झुलते मिला। मिली जानकारी के अनुसार युवक का कुछ साल पहले तलाक हुआ था तथा युवक अपने मां के साथ निवास करता था तथा उसका बड़ा भाई अपने परिवार के साथ अलग निवास करता था। हालांकि युवक ने ऐसा कदम क्यो उठाया पुलिस जांच के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा।

### आईटीआई गुरूर में कोपा ट्रेड के लिए 23 से 25 जून तक

**बालोद।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था गुरूर में संचालित कोपा व्यवसाय में सत्र 2026–27 के उपलब्ध सीटों में मेरिट सूची के प्रकाशन के उपरांत पात्र उम्मीदवार 23 से 25 जून तक प्रवेश ले सकते हैं। शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था गुरूर के प्राचार्य ने बताया कि चयनित उम्मीदवार निर्धारित तिथि में अपने समस्त शैक्षणिक प्रमाण पत्र, ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कॉपी व अलॉटमेंट लेटर के साथ टी.सी., जाति प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, पासपोर्ट साइज फोटो व बैंक पासबुक आदि के मूल प्रति व 02 छायाप्रतियों के साथ संस्था में प्रवेश ले सकते है।

### पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए ऑनलाइन पंजीयन शुरू

**बालोद।** शिक्षा सत्र 2026–27 हेतु कक्षा 12वीं से उच्चतर कक्षाओं के लिए ऑनलाईन पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति का पंजीयन की कार्यवाही वेबसाइट पोस्ट मैट्रिक–स्कॉलरशीप डॉट सीजी डॉट एनआईसी डॉट इन पर की जाएगी।
सहायक आयुक्त आदिवासी विकास ने बताया कि छत्तीसगढ़ राज्य के शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालयों के अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों द्वारा ऑनलाईन नवीनीकरण हेतु 30 जून तथा नवीन पंजीयन की अंतिम तिथि 30 अगस्त 2026 निर्धारित की गई है। उन्होंने बताया कि विद्यार्थियों के छात्रवृत्ति आवेदन नवीनीकरण के लिए 20 जून 2026 तथा नवीन पंजीयन हेतु 01 अगस्त 2026 से छात्रवृत्ति पोर्टल प्रारंभ किए जाएंगे। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को ऑनलाईन आवेदन करते समय आधार सीडेड बैंक खाता नंबर की प्रविष्टि सुनिश्चित करने को कहा है। इसके साथ ही सत्र 2025–26 अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के विद्यार्थियों को अनिवार्य रूप से एनएसपी पोर्टल से ओटीआर प्राप्त करना आवश्यक है। ओटीआर के संबंध में अधिक जानकारी छात्रवृत्ति पोर्टल से प्राप्त की जा सकती है।

### म्यूल अकाउंट से साइबर ठगी, 6 आरोपी पकड़ाए

**भिलाई।** म्यूल अकाउंट से साइबर ठगी करने वाले 6 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी मणीशंकर चंद्रा ने बताया कि भारत सरकार गृह मंत्रालय द्वारा संचालित समन्वय पोर्टल से मिले सूचना के आधार पर उतई पुलिस ने कार्रवाई किया है। वर्ष 2024-26 के मध्य आईडीएफसी बैंक खातों का परीक्षण किया। जांच में यह पाया गया कि साइबर ठगी मामलों में संदिग्ध खातों की जानकारी हुई। पुलिस ने पॉच रास्ता, मोतीलाल चौक सुपेला निवासी भूपेन्द्र हिरवानी, वार्ड 6, संजय नगर सुपेला नवलेश्वर पाटले , प्रगति नगर, केम्प 1 जलेबी चौक छावनी पवन सिंह , हाउस नंबर 770, इंडोर स्टेडियम पास तितुरडीह दुर्ग अर्पण शुक्ला , क्वाटर नंबर 28 सी सड़क 37 सी सेक्टर 7 मुकेश सिंह को पकड़ा है।

## आयोजन : प्राकृतिक खेती भविष्य की आवश्यकता : प्रीतपाल बेलचंदन

# प्राकृतिक खेती अपनाकर किसान बनें आत्मनिर्भर कृषि विज्ञान केंद्र अरौद में आयोजित हुई कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

- मिट्टी, जल एवं पर्यावरण संरक्षण पर दिया गया जोर
- 1250 किसानों ने लिया प्रशिक्षण एवं प्रदर्शनी का लाभ

भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर चलाए जा रहे अभियान 12 साल विकास के, विश्वास के, जनकल्याण के अंतर्गत जिले में प्राकृतिक खेती कार्यशाला का आयोजन किया गया। कृषि विज्ञान केंद्र अरौद में आयोजित इस कार्यशाला में किसानों को प्राकृतिक एवं जैविक खेती की आधुनिक एवं पारंपरिक पद्धतियों की जानकारी दी गई।

कार्यक्रम में लगभग 1250 किसानों एवं कृषि से जुड़े लोगों की सहभागिता रही। इस दौरान प्राकृतिक एवं जैविक खेती से संबंधित विशेष प्रदर्शनी भी लगाई गई, जहां किसानों को जैविक उत्पाद, उन्नत कृषि तकनीक, जैव उर्वरक और प्राकृतिक कृषि मॉडल की जानकारी दी गई।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला सहकारी केंद्रीय बैंक दुर्ग के अध्यक्ष प्रीतपाल बेलचंदन थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष चेमन देशमुख ने की। विशेष अतिथि के जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के उपाध्यक्ष नरेश यादव, जिला पंचायत बालोद उपाध्यक्ष तोमन साहू, वीरेंद्र साहू, किशोरी साहू, भाजपा किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष सुरेंद्र देशमुख, जिला महामंत्री पुष्पेंद्र तिवारी, केसी पवार, पवन साहू, प्रेम साहू, अरुण साहू, किसान मोर्चा प्रकोष्ठ संयोजक कमलेश राजपूत, किसान मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष चुलेश्वर चंद्राकर, किसान मोर्चा प्रदेश प्रवक्ता रविंद्र ठाकुर एवं प्रदेश पदाधिकारी आनंद प्रकाश मीरी भी मौजूद रहे। कार्यशाला के दौरान कृषि विज्ञान केंद्र प्रमुख डॉ. केआर. साहू ने किसानों को प्राकृतिक एवं जैविक खेती के विभिन्न पहलुओं की जानकारी देते हुए बताया कि प्राकृतिक खेती केवल एक कृषि पद्धति नहीं बल्कि मिट्टी, जल और पर्यावरण संरक्षण का प्रभावी माध्यम है।






उन्होंने बताया कि प्राकृतिक खेती अपनाने से खेती की लागत में कमी आती है, रासायनिक खाद एवं कीटनाशकों पर खर्च घटता है, गोबर, गौमूत्र एवं जीवामृत जैसे स्थानीय संसाधनों का उपयोग से मिट्टी की उर्वरता और जैविक गुणवत्ता बेहतर होती है, स्वास्थ्यवर्धक एवं विषमुक्त उत्पादन मिलता है, जल संरक्षण और जैव विविधता को बढ़ावा मिलता है, किसानों की आय में वृद्धि की संभावना बढ़ती है।

मुख्य अतिथि प्रीतपाल बेलचंदन ने कहा कि प्राकृतिक खेती केवल खेती करने का तरीका नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वस्थ समाज और सुरक्षित पर्यावरण का आधार है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी किसानों को सशक्त बनाने के लिए लगातार नई योजनाएं लागू कर रहे हैं, सरकार का उद्देश्य किसानों को आर्थिक रूप से मजबूत बनाना है। उन्होंने कहा कि जिस देश का किसान समृद्ध और खुशहाल होता है, उस देश की प्रगति को कोई नहीं रोक सकता। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष चेमन देशमुख ने कहा कि आज आवश्यकता ऐसी कृषि व्यवस्था विकसित करने की है जिससे किसान का बच्चा भी खेती को सम्मानजनक और लाभकारी व्यवसाय माने। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय किसानों को हर स्तर पर मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। कार्यक्रम के अंत में किसानों ने प्राकृतिक एवं जैविक खेती के प्रति रुचि दिखाई और इसे अपनाने का संकल्प लिया।

## अवैध रेत और मिट्टी परिवहन दो हाइवा व ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त




हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा के निर्देशानुसार जिले में खनिज के अवैध उत्खनन, परिवहन, भण्डारण पर निरंतर कार्रवाई की जा रही है। जिसके अंतर्गत खनिज विभाग के द्वारा 17 जून को गुरूर विकासखण्ड का औचक निरीक्षण किया गया।

जिला खनिज अधिकारी ने बताया कि खनिज विभाग द्वारा निरीक्षण के दौरान रेत एवं मिट्टी के अवैध परिवहन करते पाए जाने पर 02 हाइवा सीजी 08 बीडी 3887 एवं सीजी 08 एजे 0767 तथा 01 ट्रेक्टर मय ट्रॉली महिन्द्रा 475 डीआई को जप्त कर आरक्षी केन्द्र गुण्डरदेही व बालोद के अभिरक्षा में रखा गया है। प्रकरण में नियमानुसार खान व खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम 1957 के तहत कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने बताया कि भविष्य में भी खनिज जांच दल द्वारा खनिज के अवैध परिवहन, उत्खनन व भण्डारणकर्ताओं के विरूध्द निरंतर नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।

### खल्लारी के पास पेड़ से टकराया तेज रफ्तार हाईवा, चालक गंभीर घायल

**बालोद।** ग्राम खल्लारी के पास तेजरफ्तार हाईवा पेड़ से टकरा गया। जिसके कारण हाईवा के सामने का हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। मिली जानकारी के अनुसार गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम खल्लारी आईटीआई के पास मुख्य मार्ग में बालोद से गुण्डरदेही की ओर जा रहा एक हाईवा सड़क किनारे स्थित एक पेड़ से जा टकराया। हादसे में हाईवे के सामने का भाग पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। वही मिली जानकारी के अनुसार हाईवा चालक हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसके बाद आस पास मौजूद लोगो ने हाईवा चालक को 108 की सहायता से अस्पताल पहुंचाया, जहां ड्राईवर का ईलाज जारी है। वही हादसा झपकी लगने के कारण हुई या हादसे का कोई अन्य कारण है इसकी जांच में पुलिस जुटी हुई है तथा पुलिस जांच के बाद ही हादसे का कारण स्पष्ट हो पाएगा।

# प्रवेश उत्सव में नवप्रवेशी विद्यार्थियों का स्वागत, पुस्तक व ड्रेस का वितरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरूर

पूर्व माध्यमिक शाला कनेरी एवं शासकीय हाई स्कूल कनेरी में प्रवेश उत्सव कार्यक्रम रखा गया, जिसमें छठवी कक्षा के बच्चों का एवं नवमी कक्षा के बच्चों का गुलाल लगा कर अभिनंदन एवं स्वागत किया गया, साथ ही साथ पुस्तक वितरण एवं ड्रेस वितरण का कार्यक्रम भी संपन्न हुआ। इस अवसर पर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्रबंधन समिति के अध्यक्ष जनार्दन सिन्हा, सरपंच दिनेश्वरी पन्नालाल सिन्हा, जानू राम साहू, विशाल बघेल, श्यामलाल साहू, चंद्रेश यादव, पन्नालाल पटेल, कल्पना साहू, प्रतिमा साहू, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य शेशलाल साहू, गजाधर "याम, रामदयाल साहू, गंगवर सनत ठाकुर, चंद्रकुमारी सिन्हा, डीके



मानिकपूरी, डीके साहू, संतरीन निर्मलकर, ठाकुर, निशाद सहित बड़ी संख्या में छात्र उपस्थित रहे।

इस अवसर पर जनार्दन सिन्हा ने कहा कि इस वर्श बालक, पालक और शिक्षक सम्मेन कक्षा वार होगा। हर महिने बच्चों के परीक्षा परीणाम की समीक्षा की जाएगी, साथ ही साथ जो कमजोर बच्चे हैं उनकी विधिवत मॉनिटरिंग की जाएगी। तीन दिनों तक अनुपस्थित होने वाले छात्र–छात्रओं की समीक्षा की जाएगी। उनके पालकों से संपर्क किया जाएगा। पालक सम्मेलन में माता की भागीदारी सुनिश्चित हो इसकी चिंता की जाएगी।

आने वाले दिनों में परीक्षा परिणाम 80 प्रतिशत से ऊपर रहे इसकी मॉनिटरिंग की जाएगी। दोपहर में भोजन अवकाश के बाद अनुपस्थित होने वाले छात्र–छात्रओं की समीक्षा की जाएगी। सत्र 2026–27 में परीक्षा परिणाम अच्छा बने इसके लिए जो भी किया जा सकता है वह करने का काम किया जाएगा।

## बच्चों का तिलक व मुंह मीठा कराकर किया शाला प्रवेश



**अंडा।** सनराइज पब्लिक स्कुल ग्राम- अंडा, मिलपारा में मंगलवार को नए शैक्षणिक सत्र 2026-27 की शुरुआत पर शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। स्कूल परिसर में नवप्रवेशी बच्चों के साथ पुराने विद्यार्थियों का भी स्वागत हुआ। कार्यक्रम में प्राचार्य जीतेन्द्र साहू,शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष राजेन्द्र साहू, दिनेश्वरी चंद्रकार, सोनी, काजल साहू, किरण चंद्रकार, लता गयाकवाड, हिमानी पटेल, सुमन मणिकपुरी, ज्योति साहू, नरेश विश्वकर्मा, चाइल्ड केयर देवकी और कुछ पैरेंट्स भी शामिल हुए। स्कूल पहुंचे हुए बच्चों के चेहरों पर नए सत्र की खुशी दिखी। प्रवेश उत्सव कार्यक्रम से स्कूल में सकारात्मक माहौल बना। जीतेन्द्र साहू ने बच्चों को नए सत्र की शुभकामनाएं दीं। कहा, शिक्षा सफलता का मजबूत आधार है। नियमित रूप से स्कूल आने की बात कही। अनुशासन पर जोर दिया। मन लगाकर पढ़ाई करने को कहा। स्कूल की शैक्षणिक सुविधाओं का लाभ लेने की अपील की। कहा, समय का सही उपयोग जरूरी है। नियमित पढ़ाई जरूरी है। शिक्षकों के मार्गदर्शन का पालन सफलता की कुंजी है। खेलकूद, सांस्कृतिक कार्यक्रम, रचनात्मक गतिविधियों में भागीदारी करने को भी कहा। राजेन्द्र साहू ने भी बच्चों को लगन और मेहनत से पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया। कहा, स्कूल प्रबंधन बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए लगातार प्रयास कर रहा है। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के लिए प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम में शिक्षक, कर्मचारी, बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# पुरुषोत्तम मास में एक माह तक गूंजती रही भागवत कथा, हजारों श्रद्धालुओं ने किया श्रवण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुण्डरदेही

- संत भरत मुनि उदासीन जी ने सुनाई भागवत महापुराण कथा
- धुंधकारी–गोकरण प्रसंग से दिया भक्ति और मुक्ति का संदेश

ग्राम पैरी में पुरुषोत्तम मास अधिक मास को भक्तिमय बनाने के लिए 17 मई से 15 जुन तक एक माह का पुरुषोत्तम महात्म्य कथा एवं भागवत महापुराण कथा का दिव्य एवं भव्य आयोजन समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से किया गया।

भागवत एवं महात्म्य कथा के वाचक रहे ऐलनाबाद हरियाणा के तपोनिष्ठ संत श्री श्री 108 श्री भरत मुनि उदासीन जी महाराज।उल्लेखनीय है कि 2018 में भी उनके श्रीमुख से अधिमास में ऐसे ही कथा का आयोजन एक माह तक हुआ था। यह एक विशाल यज्ञ था जिसमें पूरा गांव उमड पड़ा था। कथा में पुरुषोत्तम महिमा और 6:00 बजे से भागवत महापुराण कथा का वाचन हुआ। धुंधकारी की कथा अत्यंत प्रेरक और भक्ति पूर्ण कहानी है सच्ची भक्ति और कथा सुनने से घोर पापी को भी मुक्ति मिल जाती है, गोकरण ने अपनी सहदयता से भाई धुंधकारी को मुक्ति दिला दी।



भगवान कृष्ण जन्म और अनेक राक्षसों के वध की कथा का सविस्तार वर्णन करते हुए पूज्य भरत मुनि जी ने कहा कि महारास लीला के लिए मन में पवित्रता का भाव होना आवश्यक है, पूतना, तृणावर्त, बकासुर, अघासुर जैसे राक्षस रूपी विकारों का नाश महारास की पहली शर्त है।

इसी क्रम में उन्होंने माखन चोरी नंद यशोदा का वात्सल्य नागलीला गोचारण लीला राधा व गोपियों के साथ की लीला कंस वध, इंद्र अभिमान मर्दन, गोवर्धन लीला के गुढ और व्यावहारिक रहस्य का बखान भी आचार्य श्री ने किया। रुक्मणी विवाह, शिशुपाल वध का वर्णन भी हुआ। अपने लिखे भजनों का मधुर स्वर में रसपान कराया मुनि जी ने दूर दराज एवं पड़ोस के गांव से हजारों की संख्या में लोगों ने भागवत कथा का श्रवण किया।

## तुएगोंदी में कल देव जतरा आयोजन जुटेंगे जिलेभर के समाजजन



**डौंडीलोहारा।** आदिवासी समाज की गौरवशाली परंपरा और आस्था के प्रतीक पेन/देव जतरा का आयोजन ग्राम तुएगोंदी के करसाड(जतरा) जमहा पाट में भव्य आयोजन 20 जून शनिवार को किया जाएगा। सुबह 5 बजे से शुरू होने वाले इस पावन अवसर पर जिले भर से समाज बंधु जुटेंगे। आयोजक ग्राम गायता एवं ग्राम प्रमुख तुएगोंदी के अनुसार पेन पुरखा एवं पूर्वजों की परंपरा को जीवित रखने के लिए जतरा का आयोजन होता है। इसमें प्रकृति शक्ति, पेन शक्ति एवं पुरखा शक्ति की आराधना कर समाज, गांव, जंगल, जल, जमीन और संस्कृति की रक्षा की कामना की जाती है।

इसी परिप्रेक्ष्य में यह कार्यक्रम 20 जून को आयोजित किया गया है। समाज प्रमुखो ने सामाजिक बंधुओं से विशेष निवेदन करते हुए कहा कि समाज के सभी लोग पारंपरिक वेशभूषा में उपस्थित होने, पेन मर्यादा एवं अनुशासन का पालन करने की अपील की है।

## केन्द्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर तीन दिवसीय पंजीकरण शिविर



- 31 जनकल्याणकारी योजनाओं के लिए होगा पंजीयन

**गुरूर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार के 12 वर्ष के कार्यकाल के उपलक्ष्य में तीन दिवसीय पंजीकरण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर 18 जून से प्रारंभ होकर 20 जून तक लगेगा। जो प्रातः 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक चलेगा। विश्वास के, विकास के, जनकल्याण के कार्यक्रम के तहत शिविर का संचालन किया जाएगा। इन शिविरो में मुख्य रूप से केन्द्र व राज्य सरकार की योजनाओ के लिए नए पंजीकरण, त्रुटि सुधार, समस्याओ का त्वरित निवारण के कार्य सुनिश्चित किए जाएंगे। प्रत्येक सब डिविजन स्थल पर संबंधित अनुविभागीय अधिकारी को नोडल अधिकारी बनाया गया है तथा ग्रामीण क्षेत्र के लिए मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत को बनाया गया है। शिविर के आयोजन के पूर्व ग्रामीण व शहरी क्षेत्र में मुनादी कराकर व अन्य माध्यम से प्रचार प्रसार करने कहा गया है। शिविर में विभिन्न विभागो द्वारा संचालित हितग्राही मूलक योजनाओ जैसे आयुष्मान भारत, आयुष्मान वैवंदना, पीएम सूर्यघर, पीएम स्वनिधि, प्रधानमंत्री आवास, जनजीवन मिशन, पीएम कौशल विकास, पेंशन योजना सहित 31 हितग्राही मूलक योजनाओ के लिए पंजीयन किया जाएगा।

## योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने पर जोर

# तीन दिवसीय वृहद पंजीकरण शिविर का शुभारंभ, योजनाओं से जोड़ने पर जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुण्डरदेही

- जनकल्याणकारी योजनाओं के लिए किया जा रहा पंजीयन

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के सफल 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में विश्वास के, विकास के, जनकल्याण के अभियान के अंतर्गत 18 जून से 20 जून तक आयोजित 3 दिवसीय वृहद पंजीकरण शिविर का शुभारंभ किया गया। शिविर का उद्देश्य केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना तथा पात्र हितग्राहियों का पंजीयन एवं समस्याओं का त्वरित निराकरण करना है।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व विधायक विरेंद्र साहू, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रमोद जैन, एसडीएम प्रतिमा ठाकरे झा, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, सभी विभागों के प्रमुख अधिकारी, नगर पंचायत उपाध्यक्ष विजय सोनकर, मुख्य नगर पालिका अधिकारी कोमल ठाकुर, जनपद पंचायत के अधिकारी–कर्मचारी, पार्षद पोषण बन्नूराम निषाद, संतोष नेताम, लोकेश्वरी शंकर यादव, रामबती सोनकर, हेमंत सोनकर, सुल्ताना तिगाला, सलीम खान, हेमलता सोहन सोनी, पूजा बिंझेकर, शैल महोबिया, फैज बख्श, सेवक महिपाल एवं रोमलाल यादव सहित बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।




शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई तथा हितग्राहियों का पंजीयन किया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा गर्भवती एवं शिशुवती माताओं को पोषण किट वितरित कर उनके स्वास्थ्य एवं पोषण के प्रति जागरूक किया गया। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष प्रमोद जैन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश ने विकास, सुशासन और जनकल्याण के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित किए हैं। केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ आज समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रहा है। प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान भारत, उज्ज्वला योजना, जल जीवन मिशन और विभिन्न सामाजिक सुरक्षा योजनाओं ने करोड़ों लोगों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाया है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार का मूल मंत्र "सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास" है, जिसके माध्यम से देश आत्मनिर्भर भारत की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में शिविर का लाभ उठाने और पात्र हितग्राहियों को योजनाओं से जोड़ने का आह्वान किया।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज